FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना मक्खनपुर दिनांक 04-10-2025 जनपद फिरोजाबाद ।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व थाना मक्खनपुर, थाना शिकोहाबाद, थाना रामगढ व एसओजी / सर्विलांस मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30-09-2025 को थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घुनपई के पास जीके कम्पनी की गाडी से कैश लूट की घटना को अंजाम देने वाले 06 शातिर लुटेरे गिरफ्तार ।**

- गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 01 करोड़ 05 हजार तीन सौ दस रूपये, लूट के रूपयों से खरीदा गया एक आईफोन(कीमत 55 हजार रूपये) व लूट के रूपयों से खरीदी गयी एक मोटरसाइकिल की रसीद (कीमत 01 लाख रूपये) व अवैध असलहा मय कारतूस बरामद ।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा घटना के खुलासे हेतु एसओजी / सर्विलांस सहित कुल 06 पुलिस टीमों का किया गया था गठन...........
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा दिनांक 03-04-2025 को लूट की घटना में प्रकाश में आए शातिर बदमाशों नरेश, दुष्यंत व तुषार की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रूपये का इनाम किया गया था घोषित.........
- गठित पुलिस टीमों द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज एवं ठोस सुरागरसी पतारसी के आधार पर 06 शातिर बदमाशों को किया गया गिरफ्तार.............
- जीके कम्पनी के ड्राइवर को उपरोक्त बदमाशों द्वारा सिर पर असलाह की बट से प्रहार किया गया था एवं ड्राइवर के हाथ पैर बाँधकर सफेद गाडी में डाल दिया गया था ।
- नरेश उपरोक्त शातिर एवं दुर्दांत अपराधी है जो पिछले एक दशक से लूट एवं गम्भीर अपराधों में शामिल है जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ गैंग बनाकर लूट की घटनाएँ कारित की गयी हैं.......

जीके कंपनी जो कि कैश का बड़ा काम करती है, द्वारा बैलेंस का रूपया अपने ड्राईवर द्वारा गाडी संख्या GJ 18 EB 9724 से कानपुर से आगरा भिजवाया गया था। थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30-09-2025 को सुबह करीब 05.00 बजे घुनपई थाना क्षेत्र मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद के पास 02 चार पहिया अज्ञात वाहन सवारों द्वारा गाड़ी को रोककर ड्राईवर साइड वाला शीशा तोड़कर लूट लिया गया। सूचना पर तत्काल ही उच्चाधिकारीगण मय पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया। मामले में वादी की तहरीर के आधार पर थाना मक्खनपुर पर दिनांक 01-10-2025 को मु0अ0सं0 268/2025 धारा 309(4),324(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा घटना के खुलासे हेतु एसओजी / सर्विलांस व थाना मक्खनपुर पुलिस टीम सहित अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में कुल 06 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा कठफोरी टोल पर 02 संदिग्ध चार पहिया वाहन सीसीटीवी में देखे गए जो कि जनपद इटावा में एक ढाबे पर भी जीके कम्पनी की कार के पास संदिग्ध दिखाई दी गयी थी। उक्त सीसीटीवी फुटेज के आधार संदिग्ध गाडी का नम्बर प्राप्त हुआ जिसके आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा गाडी के नम्बर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गठित पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने वाले 06 शातिर बदमाशों को आज दिनांक 04-10-2025 को पायनियर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.नरेश पुत्र राकेश कुमार उर्फ भूरी निवासी गाँव अरनी थाना खैर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष
2.तुषार पुत्र राजकुमार नि0 मौहल्ला शिवपुरी निवाडी रोड मोदीनगर, थाना मोदीनगर गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष
3.दुष्यन्त पुत्र मोहन सिंह नि0 ओम नगर थाना खैर जिला अलीगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष
4.अक्षय पुत्र जयप्रकाश नि0 गली नं0 05 डेरी फार्म गाजीपुर पूर्वी दिल्ली उम्र करीब 23 वर्ष
5.आशीष उर्फ आशू पुत्र प्रमोद नि0 बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ सिटी जनपद बहादुरगढ़ हरियाणा उम्र करीब 28 वर्ष
6.मोनू उर्फ मिलाप पुत्र इन्द्रपाल सिंह नि0 गढबढ जैतपुर थाना जैतपुर जनपद आगरा उम्र करीब 30 वर्ष

**बरामदगीः-**

**1.नरेश पुत्र राकेश कुमार उर्फ भूरी निवासी गाँव अरनी थाना खैर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष से बरामदगी.... 25 लाख दो हजार पचास रुपये।**

**2.तुषार पुत्र राजकुमार नि0 मौहल्ला शिवपुरी निवाडी रोड मोदीनगर, थाना मोदीनगर गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष से बरामदगी..........20 लाख एक हजार दो सौ रुपये व एक अदद तमंचा 315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर।**

**3.दुष्यन्त पुत्र मोहन सिंह नि0 ओम नगर थाना खैर जिला अलीगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष से बरामदगी..........20 लाख आठ सौ पचास रूपये और लूट के पैसों से खरीदा गया एक नया आई फोन जिसकी कीमत 55 हजार रूपये है।**

**4.अक्षय पुत्र जयप्रकाश नि0 गली नं0 05 डेरी फार्म गाजीपुर पूर्वी दिल्ली उम्र करीब 23 वर्ष से बरामदगी.........13 लाख तीन सौ रूपये।**

**5.आशीष उर्फ आशू पुत्र प्रमोद नि0 बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ सिटी जनपद बहादुरगढ़ हरियाणा उम्र करीब 28 वर्ष बरामदगी......10 लाख चार सौ पचास रूपये व लूट के पैसों से खरीदी एक नयी मोटर साइकिल की रशीद (कीमत एक लाख रूपये)।**

**6.मोनू उर्फ मिलाप पुत्र इन्द्रपाल सिंह नि0 गढबढ जैतपुर थाना जैतपुर जनपद आगरा उम्र करीब 30 वर्ष बरामदगी..........12 लाख चार सौ साठ रूपये।**

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त नरेश उपरोक्तः----**

1. मु0अ0सं0 116/17 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना क्राइम ब्रांच जनपद दिल्ली।
2. मु0अ0सं0 255/17 धारा 395, 397, 365, 34 भादवि0 थाना मयूर विहार फेस-01 जनपद दिल्ली।
3. मु0अ0सं0 319/14 धारा 395, 397ए एक्ट थाना फरीदाबाद कोतवाली जनपद फरीदाबाद।
4. मु0अ0सं0 223/19 धारा 356, 379, 411 भादवि0 थाना गाजीपुर जनपद दिल्ली।
5. मु0अ0सं0 1045/22 धारा 392, 411, 34 भादवि0 थाना मुखर्जी नगर जनपद नई दिल्ली।
6. मु0अ0सं0 43/18 धारा 21 एनडीपीएस व 25 आर्म्स एक्ट थाना गाजीपुर जनपद दिल्ली।
7. मु0अ0सं0 440/22 धारा 379, 411 भादवि0 थाना कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मोनू उर्फ मिलाप सिंह उपरोक्तः-**

1. मु0अ0सं0 210/24 धारा 419, 420 भादवि0 थाना ट्रान्स यमुना जनपद आगरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त दुष्यन्त उपरोक्तः-**

1. मु0अ0सं0 175/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना धौलाना जनपद हापुड़।
2. मु0अ0सं0 148/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि0 थाना चन्दौली जनपद चन्दौली।
3. मु0अ0सं0 54/24 धारा 379, 411 भादवि0 थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ़।
4. मु0अ0सं0 46/24 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना खैर जनपद अलीगढ़।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त आशीष उपरोक्तः-**

1. मु0अ0सं0 298/18 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम थाना फेस-03 जपनद गौतम बुद्धनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद श्री अनुज राणा मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
2-प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ श्री संजीव दुबे मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3-प्रभारी एसओजी / सर्विलांस श्री अमित तोमर मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
4-थानाध्यक्ष मक्खनपुर श्री चमन शर्मा मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

**नोटः- लूट की घटना में अन्य अभियुक्तों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। गोपनीयता हेतु नामों को उजागर नहीं किया गया है। शीघ्र ही अन्य अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।**